नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में दूर शिक्षा में प्रवेश प्रारंभ

वर्धा, दि. 07 मई 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के दूर शिक्षा निदेशालय की प्रवेश प्रक्रिया 2019-20 आरंभ हो चुकी है। विवि की ओर से हिंदी माध्यम के विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में शिक्षा स्नातक (बी. एड.), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान (बी.लिब.), पत्रकारिता (बी.जे.), व्यवसाय प्रशासन

(एमबीए), समाजकार्य, एम.ए. हिंदी, इतिहास, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम उपलब्ध है। स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन, पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम उपलब्ध है। बी. एड. के लिए आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई तथा सामान्य पाठयक्रमों में आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.hindivishwa.org तथा टोल फ्री नं. 18002331575 पर संपर्क किया जा सकता है।